Need to set up an Ethanol Plant in Maharajganj Parliamentary Constituency- laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक उर्जा मंत्रालय द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना ?इथनौल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम? को बहुत ही तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है I इस क्रम में इथनौल का अधिक से अधिक उत्पादन हेतु बड़े पैमाने पर इथनौल प्लांट स्थापित करने की आवश्यकता होगी I इसलिए मैं भी चाहता हूँ कि सरकार द्वारा जनहित में मेरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र,महाराजगंज,बिहार में एक अनाज आधारित इथनौल प्लांट स्थापित किया जाये I इथनौल उत्पादन हेतु कच्चा माल मेरे संसदीय क्षेत्र सहित आस-पास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है I अत: सरकार से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार में एक अनाज आधारित इथनौल प्लांट स्थापित किया जाये, जिससे कि मेरे क्षेत्र के किसानों, युवाओं और व्यवसायियों को इसका लाभ मिल सके I